तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

11 पंचायत के जिम्मेदारों पर लगा गड़बड़ी का आरोप




12 पंचमीं पर प्रधान देवी, कुलदेवी और महामाया...





## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

## हादसा : ग्रामीणों ने किया हंगामा, परिजनों के साथ धरना पर बैठे विधायक

# रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली में दबा बच्चा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

मंगलवार को पलारी के ग्राम खैरी में अवैध तरीके से रेत तस्करी कर रहे ट्रैक्ट्रर ने एक मासूम की जान ले ली। गौरतलब हो कि बगैर खनिज विभाग के अनुमति से अवैध रूप से मुड़ीयाडीह घाट से रेत उत्खनन कर हाईवा तथा ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रेत की तस्करी धड़ल्ले से की जा रही थी, जहां ट्रैक्टर ट्राली में दबकर एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। दुर्घटना पलारी क्षेत्र के ग्राम खैरी की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम मुडियाडी से अवैध रेत लोड कर ट्रैक्टर जा रहा था, कि ग्राम खैरी में कार्तिक धृतलहरे 8 वर्ष पिता उत्तम धृतलहरे को ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया, जहां ट्राली में दबने से बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों तथा ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज एवं कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर दुर्घटना स्थल पर धरने पर बैठ गए।





घटना की जानकारी होने पर कसडोल विधायक संदीप साहू, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर तत्काल ग्राम खैरी मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ पांच घंटे तक धरने पर बैठे रहे। विधायक संदीप साहू ने शासन-प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिनके संरक्षण में अवैध रूप से रेत की लोडिंग होती है उनके एवं अवैध खनन में संलिप्त वन विभाग और खनिज विभाग के अधिकारियों पर भी हत्या का मामला दर्ज करने एवं परिजनों को शासन प्रशासन से उचित मुआवजा के साथ परिजनों को न्याय दिलाने मांग की।

धरना स्थल एसडीएम सीमा ठाकुर, विभाग के अधिकारी श्री बंजारे, थाना प्रभारी केशर पराग के ठोस कार्रवाई के आश्वासन बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री गोपी साहू, जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू, जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, अमृत साहू, नंदेश साहू, लेखराम गनहरे, रवि बंजारे सहित ग्रामीण शामिल हुए।

वहीं ग्रामीणों का कहना हैं कि क्या कारण है कि अवैध तरीके से भारी भरकम वाहनों से दिन-रात रेत ढुलाई की जा रही हैं, वही कार्रवाई न कर विभाग तथा शासन प्रशासन मौन ▸▸ शेष पेज 11 पर

# गरबा डांडिया से झूम उठा नगर पंचायत रोहासी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

नवरात्रि पर नगर पंचायत रोहासी में पहली बार गरबा डांडिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर के युवतियों ने गरबा कार्यक्रम का प्रस्तुति दी। पहली बार हुए गरबा कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में काफी उत्सुकता दिखने को मिली और लोगों ने गरबा कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सोमवार शाम को मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद गरबा डांडिया कार्यक्रम का शुरूआत की गई। कार्यक्रम का आयोजन नवदुर्गा उत्सव समिति महावीर चौक द्वारा नवरात्रि की पावन अवसर पर मां दुर्गारूपी बच्चों एवं कन्याओं द्वारा गरबा एवं डांडिया, सुवा की प्रस्तुति दी गई, जिसमें मनीषा, दामिनी, किरण, रेशमी ▸▸ शेष पेज 11 पर

# 28 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

ग्राम घटमडवा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को पुलिस ने घेराबंदी में दबोच लिया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया है।

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को गिधौरी थाना पुलिस ने ग्राम घटमडवा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी पप्पू 20 वर्ष निवासी ग्राम घटमड़वा थाना गिधौरी को गिरफ्तार किया। आरोपी से 5600 कीमत की 28 लीटर महुआ शराब एवं बिक्री रकम 200 जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।




# युवती ने महानदी में लगायी छलांग, युवक ने बचायी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

- घटना की जानकारी हासिल करने पुल पर राहगीरों की लगी रही भीड़

गिधौरी–शिवरीनारायण मार्ग महानदी शबरी सेतु पुल से मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे अज्ञात कारण से एक युवती ने नदी में छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर तीन बजे के आसपास उस समय महानदी पुल पर भीड़ लग गई जब एक युवती को महानदी शबरी सेतु पुल से नदी में छलांग लगाते देखा। उसी बीच बाइक सवार राहगीर होली पिता सदनलाल साहू 43 वर्ष ग्राम मुड़पार थाना शिवरीनारायण निवासी किसी काम से बलौदाबाजार गया हुआ था और वापसी अपने गांव मुड़पार जा रहा था, उसने युवती को बचाने नदी में छल्लांग लगा दी और युवती की जान बचा ली। घटना के बाद महानदी पुल से आने जाने वाले लोगों की भीड़ लग गई। इधर गिधौरी के जन प्रतिनिधि मदन खाण्डेकर एवं साथी चंद्रमणी भारती के सहयोग से युवती को नाव सहारे युवती सकुशल बाहर निकाला गया। गिधौरी थाने में घटना की सूचना दिये जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवती से पूछताछ करने पर उन्होंने ग्राम तुस्मा थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा निवासी गणेशराम पटेल की पुत्री होने की जानकारी दी। युवती अपने मामा गांव ग्राम बलौदा थाना गिधौरी आयी हुई थी। फिर हाल गिधौरी पुलिस ने परिजनों को बुलाकर युवती को सौंप दिया है।




हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# भाटापारा जुड़ेगा राष्ट्रीय राजमार्ग से केंद्रीय मंत्री ने दी सैद्धांतिक सहमति

**भाटापारा।** नगर अब राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जायेगा, इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। विदित हो कि लगभग 2 माह पूर्व 30 जुलाई को विधायक इन्द्र साव ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से बलोदा बाजार-भाटापारा-लिमतरा 45 किमी मार्ग को राष्ट्रीय राज मार्ग से जोड़ने एक मांग पत्र सौंपा था। केंद्रीय मंत्री ने इस विषय में गंभीरता दिखाते हुए उनके मांग पत्र की जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को 13 अगस्त को पत्र लिखा था और मांग पत्र की जांच रिपोर्ट आने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक इंद्र साव से मिले प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाते हुए रतनपुर, लोरमी, मुंगेली, नांदघाट, भाटापारा होते बलौदाबाजार तक की लगभग 135 किमी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग ▸▸ शेष पेज 11 पर

## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



जन्म 17.12.1942

निर्वाण 30.09.2024

स्व. श्री अजय सिंह परिहार

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर
दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| दशगात्र | : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में) |
| तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज | : **13 अक्टूबर 2024, रविवार** |
| स्थान | : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर |
| समय | : दोपहर 1 से 5 बजे तक |

शोकाकुल
श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई), सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार
नोटः जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।

# चार आपदा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से चार मृत व्यक्ति के परिजन के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6–4 के तहत यह स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में राजकुमारी वर्मा पति स्व.रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम जरहागांव तहसील भाटापारा, धनेन्द्र साहू पिता कमलनारायण निवासी ग्राम मुड़पार, खेलावन धीवर पिता जनकराम धीवर ग्राम ससहा तहसील पलारी, संतोष कुमार खड़िया पिता स्व. जगतराम खड़िया निवासी वनग्राम दोंद तहसील सोनाखान शामिल हैं। हितग्राही के निकट परिजन के आग में जलने, तालाब के पानी में डूबने तथा सर्पदंश के कारण मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित परिवार के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी श्याम कुमार चौहान पिता दयाराम चौहान (48 साल) बूटीपाली चौकी भंवरपुर को ग्राम सलखंड के पास से कुरमाडीह जाने वाली जंगल रास्ते में 3 लीटर अवैध देशी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया।



# भटके बिना सही समय पर मरीजों को मिले इलाज, यही होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## आंबेडकर अस्पताल के नए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने चार्ज लिया





आंबेडकर अस्पताल के नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में राजधानी समेत प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले मरीजों को भटके बिना सही समय पर उपचार मिले, यही प्राथमिकता होगी। आवश्यकता के हिसाब से यहां की इमरजेंसी व्यवस्था को और अपडेट किया जाएगा, ताकि मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा मिल सके।

राज्य शासन के आदेशानुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के चिकित्सा अधीक्षक पद पर पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी विभाग डॉ. एसबीएस नेताम एवं सहायक अधीक्षक डॉ. डीके टंडन मौजूद थे। नए अधीक्षक डा. सोनकर ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि अस्पताल में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है और यहां रायपुर के साथ अन्य जिलों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। उनकी कोशिश रहेगी कि मरीजों को सही समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिल सके। गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए इमरजेंसी यूनिट महत्वपूर्ण होता है। प्रयास किया जाएगा जरूरतमंद मरीज को तत्काल आवश्यक उपचार की सुविधा मिलेगी।

आने वाले दिनों में जरूरत के हिसाब से इमरजेंसी विभाग को अपडेट किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल की सुरक्षा और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहां सीसीटीवी की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा को और पुख्ता करने का प्रयास होगा। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को ओपीडी में सही समय पर डाक्टर मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### विधायक पुरंदर मिश्रा का महापौर, सभापति ने किया स्वागत

**रायपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा बैठक में पहुंचे रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा का सभापति प्रमोद दुबे, महापौरएजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा सहित एमआईसी सदस्यों ने स्वागत किया। श्री मिश्रा ने पार्षदगणों से रायपुर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने का संकल्प लेकर सभी 70 वार्डों में कार्य करने का आव्हान किया। सभा के अंत में नगर निगम पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा एवं जोन 4 के पूर्व जोन अध्यक्ष अनीस अहमद के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गयी ।

### चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने सड़कों पर आवाजाही सही करने तथा चौक-चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने ठोस कदम उठाने की मांग छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन से की है। श्री ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि त्योहार का सीजन है, जनता माता का दर्शन करने घर से बाहर निकल रही तथा गरबा की धूम है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन सड़क, चौराहों की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं ई-रिक्शा वालों को सही ट्रेनिंग नहीं होने के कारण भी यातायात बाधित होता है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाखेनगर से टिल्लू चौक सदरबाजार, रिंगरोड चौराहों में रायपुरा चौक, कुशालपुर चौक और भाठागांव चौक जैसे मुख्य मार्गों पर रोजाना बेतरतीब जाम लगा रहता है, जिससे आम जनता परेशान है।

### ट्रैफिक नियम : पोस्टर लगाकर किया जागरूक



**रायपुर।** लायंस क्लब सीनियर द्वारा राजधानी रायपुर में सोमवार को पोस्टर लगाकर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में लायंस क्लब सीनियर के पदाधिकारियों ने लोगों को बताया कि आजकल हर किसी को अपने दोपहिया या चारपहिया से जाना बेहद पसंद है।

### अहिल्याबाई में थी दूरदर्शित, पर्यावरण के साथ जीव-जंतुओं की चिंता भी



रायपुर। रानी अहिल्याबाई होल्कर की शौर्य गाथा जितनी प्रेरणादायी है, उनकी दूरदर्शिता भी उतनी ही आत्मसात करने योग्य है। रानी अहिल्या भगवान शिव की भक्त थीं। पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजा-अर्चना के बाद तालाब और नदियों में विर्सजन में भी उनका दृष्टिकोण नजर आता है। शिवलिंग में चढ़े अक्षत (चावल) व अन्य अन्न के दाने तालाब में प्रवाहित करने पर तालाब के जलचर जीव-जंतु उसे अपना आहार बनाते हैं। वहीं अगर दाने तालाब के किनारे पहुंच गए और अंकुरित हो गए तो पेड़-पौधे के पत्ते झड़कर जमीन में गिरेंगे और यह मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाएंगे।
इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने प्राथमिक और माध्यमिक शाला देवपुरी में आयोजित अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य में कई तीर्थ स्थानों के साथ ही कई मंदिर, घाट, कुएं, बावड़ियां बनवाईं। अहिल्याबाई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्री साहू, शिक्षिका ऋचा देवांगन, ममता देवांगन, जीवनलता मिंज, मंजू दुबे और 250 से अधिक बच्चे उपस्थित रहे।

## सतबहिनिया साईं दरबार में दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रम 12 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाखे नगर स्थिति सत बहिनिया साईं दरबार में दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दिन अंचल के जाने-माने जस गीत गायक दिलीप षड़ंगी भक्तिगीतों की सुंदर प्रस्तुति देने कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साईं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष व पूर्व वरिष्ठ पार्षद गोवर्धन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की भव्य तैयारी की अंतिम बैठक मंदिर परिसर में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों का सम्मान मुख्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा

- भजन संध्या में जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी प्रस्तुत करेंगे सुरीले भजन

साईं दरबार दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव पारस चोपड़ा होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों का सम्मान किया जाएगा। इसमें सामाजिक क्षेत्र से बसंत अग्रवाल, वीरेंद्र (रूबी) तोमर, हर्षित सिंघानिया, पत्रकारिता से उमाशंकर व्यास, डॉ सुरेंद्र शुक्ला, डॉ उपेन्द्र त्रिवेदी, राजनीति क्षेत्र से सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, व्यापार क्षेत्र से ओम सोनकर, अनुराग राठी, कैलाश छाबड़ा का सम्मान किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत साईं नाथ जी के दुग्ध अभिषेक से सुबह 8 बजे होगी। दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती, दोपहर 1 बजे से भोग भंडारा और संध्या के समय बाबा की महाआरती होगी।

देशभर में कारों का तीन लाख से ज्यादा स्टॉक जाम इसलिए इस बार भारी छूट

## चारपहिया वाहनों पर छूट, पांच लाख की कार पर 66 हजार तक डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

त्योहारी सीजन में इस बार कार डीलरों के साथ ही उत्पादक कंपनियों के पास भारी स्टॉक होने के कारण भारी छूट दी जा रही है। राजधानी रायपुर में ही पांच लाख वाली मारुति कार पर 66 हजार की छूट मिल रही है। देशभर में इस समय चारपहिया वाहनों का इतना ज्यादा उत्पादन हो रहा है कि डीलरों के पास तीन लाख से ज्यादा कारों का स्टॉक हो गया है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 10 हजार कारों का अतिरिक्त स्टॉक है। इस बार नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली पर अलग-अलग कंपनियों की कारों में अलग-अलग डिस्काउंट मिल रहा है। हजारों से लेकर लाखों में डिस्काउंट है। आमतौर पर त्योहारी सीजन में कारों पर डिस्काउंट मिलता है, लेकिन कोरोना काल के बाद कारों के ज्यादातर मॉडल ऑनडिमांड नहीं मिल रहे थे, तो डिस्काउंट की तरफ कोई ध्यान भी नहीं दे रहा था। कोरोना काल में कारों का उत्पादन भी कम हो गया था, सेमीकंडक्टर की कमी के कारण कारें कम बन रही थीं, लेकिन अब लगातार उत्पादन ज्यादा होने के कारण कारों का भारी स्टॉक हो गया है। यही वजह है कि इस बार इस साल लगातार कारों पर डिस्काउंट मिल रहा है।

### डीलर भी दे रहे डिस्काउंट

जहां एक तरफ ज्यादातर कंपनियां अपने अलग-अलग मॉडलों पर भारी डिस्काउंट दे रही है, वहीं डीलर भी डिस्काउंट दे रहे हैं। राजधानी रायपुर के कुछ डीलरों ने इस बात को तो जरूर माना की डीलर भी डिस्काउंट दे रहे हैं लेकिन किस मॉडल पर कितना डिस्काउंट दिया जा रहा है, यह कोई बताने तैयार नहीं है। डीलरों का कहना है डीलरों के डिस्काउंट का खुलासा होने से कंपनी वाले नाराज हो जाते हैं। इसलिए डीलर कंपनी के डिस्काउंट के बारे में ही बता रहे हैं।



### किस मॉडल पर कितना बड़ा डिस्काउंट

- जीप इंडिया कंपास पर 3.15 लाख
- हुंडई ट्यूसॉन 2023 पर 2 लाख तक
- टाटा नेक्सन पर 80 हजार
- टाटा हैरियर पर 1.60 लाख
- टाटा सफारी पर 1.80 लाख
- मारुति के-टेन पर 66 हजार
- हुंडई एक्सटर पर 40 हजार
- हुंडई अल्काजार पर 90 हजार
- होंडा की एलिवेटर पर 80 हजार


### टाटा के मॉडलों पर इतनी छूट

टाटा मोटर्स अपनी लोकप्रिय गाड़ियों टियागो, टिगोर, अल्ट्रोज, नेक्सन, हैरियर और सफारी पर छूट दे रही है। मॉडल और वैरिएंट के आधार पर छूट की राशि अलग-अलग है। टियागो की शुरुआती कीमत 4.99 लाख रुपए, अल्ट्रोज की 6.49 लाख रुपए, नेक्सन की 7.99 लाख रुपए, हैरियर की 14.99 लाख रुपए और सफारी की शुरुआती कीमत 15.49 लाख रुपए रखी गई है। सबसे बड़ी छूट टाटा की प्रमुख एसयूवी सफारी पर मिल रही है। इस पर कंपनी 1.80 लाख रुपए तक की छूट दे रही है। हैरियर एसयूवी पर 1.60 लाख रुपए तक की छूट मिल रही है। इसी तरह कंपनी अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सन पर 80,000 रुपए तक की छूट दे रही है।

### मारुति के मॉडलों पर इतना डिस्काउंट

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इस समय अपने कई मॉडलों पर भारी डिस्काउंट दे रही है। राजधानी रायपुर के मारुति के स्काई शो रूम के मुताबिक 499500 वाली मारुति के-टेन पर 66100 रुपए, 583500 कीमत वाली सेलेरियो पर 66100 रुपए, 521500 वाली एस्प्रेसो पर 66100 रुपए और 599500 वाली वेगानआर पर 58100 रुपए, 649000 वाली स्विफ्ट 43100 रुपए, 834000 वाली एसयूवी कार ब्रेजा पर 35,000 रुपए, 656500 कीमत वाली डिजायर पर 35000 तक का डिस्काउंट मिल रहा है।

## एमबीबीएस की 72 सीटें खाली, मॉपअप राउंड में होगा एडमिशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूसरे दौर की काउंसिलिंग के बाद राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 72 सीटें खाली बची हैं। इनमें चार शासकीय कॉलेजों की पांच सीटें शामिल हैं, जिनमें प्रवेश मॉपअप राउंड के माध्यम से पूरा किया जाएगा। खाली सीटों में निजी कॉलेजों के प्रबंधन की 45, राज्य कोटे की 11 और एनआरआई कोटे की 10 सीटें शामिल है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के मेडिकल और डेंटल कॉलेज की यूजी सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कराया जा रहा है। इसके तहत दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 5 अक्टूबर को पूरी की गई है। एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बची सीटों पर प्रवेश मॉपअप राउंड के माध्यम से पूरा किया जाएगा, जो 17 अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। राज्य में अभी की स्थिति में रायपुर, राजनांदगांव सहित छह शासकीय मेडिकल कॉलेजों की सभी सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। अभी केवल कांकेर में 2, दुर्ग, बिलासपुर तथा महासमुंद मेडिकल कॉलेज में एक-एक सीट बाकी है। पांच निजी मेडिकल कॉलेजों में मैनेजमेंट कोटे की 45 तथा राज्य कोटे की 6, एनआरआई कोटे की 10 सीटों पर एडमिशन होना है। माना जा रहा है कि मॉपअप राउंड के दौरान इन सीटों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

- सरकारी कॉलेजों में पांच सीटें रिक्त
- मैनेजमेंट कोटे की 45, स्टेट की 11 और एनआरआई कोटे की 10 सीटों पर प्रवेश बाकी

### बीडीएस की 296 सीटें खाली

अभी की स्थिति में डेंटल कॉलेजों में बीडीएस की 296 सीटें खाली हैं, इसमें शासकीय डेंटल कॉलेज की 28 सीटें शामिल हैं। पांच निजी कॉलेजों में 209 सीटों पर एडमिशन शेष है, जिनमें भी एडमिशन का काम मॉपअप राउंड के साथ ही पूरा होगा। शासकीय और निजी डेंटल कॉलेजों में राज्य कोटे की 87 सीटें बाकी बची हैं।

## कालीबाड़ी चौक से सिद्धार्थ चौक अब कहलाएगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग

- नामकरण समारोह का आयोजन
- मंत्रोच्चार के बीच नामकरण बोर्ड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के कालीबाड़ी चौक से टिकरापारा का सिद्धार्थ चौक मार्ग अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओर रायपुर नगर पालिका के पूर्व पार्षद स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग के नाम से जाना जाएगा। राजधानी में आयोजित नामकरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील त्रिवेदी, अध्यक्षता सभापति प्रमोद दुबे ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक विरेंद्र पांडे एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राम्हण महासभा की ओर से सिद्धार्थ चौक टिकरापारा में नामकरण समारोह का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथियों ने स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे की अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिका को याद किया। साथ ही टिकरापारा वार्ड पार्षद के रूप में उनके योगदान का स्मरण किया। मंच पर सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, नगर निगम के एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे, जैतूसाव मठ के संचालक अजय तिवारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सभा के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, रामकृष्ण पाठक एवं सेनानी स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे के सुपुत्र अरुण दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के सह सचिव राजेश त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार सनत चतुर्वेदी, बाबूलाल शर्मा, आशीष ठाकुर, ओपी मिश्रा, प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ नेता संजय पाठक, अनिल गुप्ता, अशोक बानी, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर निगम जोन कमिश्नर संतोष पांडे, शैलेंद्र त्रिवेदी, अजय सोनी, राजकुमार पांडे, इंद्रमणि प्रधान, हरगोविंद जोशी, अशोक मिश्रा, सोशल एक्टिविस्ट कुणाल शुक्ला, प्रीति शुक्ला, छत्तीसगढ़ फिल्म के निर्देशक सतीश जैन, अनुमोद राजवैद्य, अनुपम वर्मा, तेजपाल सिंह हंसपाल, मिलिंद खेर सहित सेनानी परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## जनजातियों का ज्ञान और परंपराएं दूसरे समाज के लिए अनुकरणीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और जनजातीय महानायकों के बलिदान को आमजनों को बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभाग्रह में हुई। कार्यशाला में पूर्व आईएएस अधिकारी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनजातियों के ज्ञान और परंपराओं को दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया।

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर उन्होंने कहा, जनजातीय समाज में सहभागिता, प्रकृति प्रेम के साथ आत्म स्वाभिमान से जीने की कला को दूसरे समाज के लोंगो को भी सीखना चाहिए। उन्होंने इस दौरान जनजातीय समाज को भारत के संविधान को मिली सहूलियतों और संरक्षण के साथ विकास के लिए किए गए प्रावधानों को भी लोंगो को बताया। वक्ता वैभव सुरंगे ने भारत में जनजातीय समाज और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने जनजातीय समाज की परंपराओं, उनके रीतिरिवाजों और संस्कृति पर अपने नजरिए से रिसर्च किए जाने पर जोर दिया।

## सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता बढ़ाने डिपो और गोदाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री का है प्रस्ताव
- संचालक मंडल ने प्रस्ताव को दी है मंजूरी

सरगुजा संभाग में वाइन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं आसपास के जिलों में स्टाक उपलब्धता के लिए मनेंद्रगढ़ में ब्रेवरेज डिपो या गोदाम के संचालन को सहमति प्रदान दी गई है। इसके साथ ही मनेन्द्रगढ़ में ब्रेवरेज गोदाम खुलने से गौरेला पेंड्रा मरवाही, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, कोरिया और सूरजपुर जिलों की वाइन दुकानों के लिए स्टाक का स्टोरेज किया जाएगा। ब्रेवरेज कार्पोरेशन के संचालक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में कार्पोरेशन के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता के संबंध में प्रस्ताव रखा था, जिस पर संचालक मंडल ने सहमति दी। छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेजेस कार्पोरेशन के संचालक मंडल की बैठक रायपुर के आबकारी भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। संचालक मंडल की इस बैठक में ब्रेवरेज कारपोरेशन के विभिन्न एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम 21 अगस्त को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वित्तीय विवरणों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा दुर्ग एवं बिलासपुर के गोदामों में हाउस कीपिंग कार्य के लिए निविदा जारी करने कार्य का अनुमोदन किया गया, साथ ही अरसनारा-दुर्ग गोदाम के लिए एक जेनरेटर क्रय करने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में सचिव वाणिज्य कर (आबकारी) आर शंगीता, श्याम धावड़े, शारदा वर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ज्यादातर सब्जियां 60 से 80 रुपए किलो, टमाटर 100 पहुंचा

## दीपावली से पहले नई फसलों की कटाई, मंडियों में आवक बढ़ते ही सब्जियों के दाम गिरेंगे औंधे मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में दीपावली से पहले सब्जियों की नई फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। इसके बाद थोक मंडियों में सब्जियों की बंपर आवक शुरू होगी, जिससे इन दिनों आसमान छू रहे सब्जियों के दाम में भी भारी गिरावट आएगी। कुछ किसानों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि लोकल सब्जियों की फसले तैयार हो रही हैं, जिसकी कटाई दीपावली से पहले शुरू हो जाएगी।

कई सब्जियों की फसले त्योहार के सप्ताहभर पहले तक भी मंडियों में पहुंच सकती है, क्योंकि किसानों को अब सिर्फ फसलों के तैयार होने का इंतजार है। किसानों ने बताया कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में हुई तेज बारिश से पालक सहित कुछ प्रकार की सब्जियों की फसलों को नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन इसके बाद भी सब्जियों की फसलें अच्छी हैं। इन फसलों की कटाई होते ही आम लोगों को भी महंगी सब्जियों से बड़ी राहत मिलेगी। इन दिनों ज्यादातर सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। लौकी, कुंहड़ा, कुंदरू, कच्चा केला, पत्ता गोभी जैसी कुछ सब्जियां ही चिल्हर में 30 से 40 रुपए प्रति किलो हैं, वहीं फूल गोभी, भटा, करेला, बरबट्टी, तोरई, परवल, भिंडी, हरी मिर्च आदि सब्जियों के दाम 60 से 80 रुपए किलो हैं। सबसे महंगी सब्जियों में शिमला मिर्च, मुनगा एवं टमाटर 80 से 100 रुपए किलो है।

### आवक बढ़ते ही तेजी से घटेंगे दाम

थोक मंडियों में इन दिनों सब्जियों की आवक में भारी कमी आई है। लोकल सब्जियों की आवक 10 प्रतिशत से भी कम है, वहीं दूसरे राज्यों से आ रही सब्जियों की आवक भी 30 से 35 प्रतिशत ही हो रही है। इसके कारण लगभग सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पिछले माह देश के कई राज्यों में भारी बारिश होने के कारण सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ से उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात जैसे राज्यों में सब्जियां भेजी जा रही हैं। इसके कारण सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं।

## लकड़ी तस्करी मामले में कांग्रेस ने डीएफओ को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



### ये थे मौजूद

घेराव में विकास उपाध्याय के साथ अशोक सिंह ठाकुर, देवकुमार साहू, प्रकाशदास मानिकपुरी, रामदास कुर्रे, सोहन शर्मा, विकास अग्रवाल, पम्मी चोपड़ा, भूपेन्दर गिल, विकास पाठक, योगेश दीक्षित, डेमेन्द्र यदु, सोनू ठाकुर, रितेश साहू, अखिलेश जोशी, संदीप सिरमौर, शानू दीवान, राजेश बघेल, अतीत राठौर, श्रीनाथ भोगल, हर्षित जायसवाल, सूरज साहू आदि उपस्थित थे।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने लकड़ी तस्करी के मामले में डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लकड़ी परिवहन में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है, जिसमें वन विभाग की मिलीभगत से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में अवैध लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। जो गोला लट्ठा लकड़ी ओडिशा में बैन है, वह कैसे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पहुंच रहा है। बैरियर में जांच के बिना परमिट दिए जाने और फर्म पर अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वन विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। श्री उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कुछ टिम्बर कंपनी, ट्रेडर्स व ठेकेदार ओडिशा से गलत दस्तावेज बनवाकर लकड़ी मंगवा रहे हैं। इसकी जांच छत्तीसगढ़ वन विभाग कर रहा है। ओडिशा वन विभाग के अधिकारी और रायपुर के कुछ लकड़ी ठेकेदारों की मिली भगत कर अवैध तरीके से रायपुर लाया जा रहा है। रायपुर स्थित एक टिम्बर व्यापारी से एक ट्रक साल के लट्ठे जप्त किए गए। मामले में वन विभाग ओडिशा राज्य से संपर्क कर जांच कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाए कि ट्रेडर्स में साल गोले का पीओआर बनाने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? पूर्व में भी एक कंपनी में साल का गोला आया था, जिसका जब्तीनामा क्यों नहीं बनाया गया।

## खबर संक्षेप

### कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के सतबहिनिया माता मंदिर परिसर में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले जोत कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र यादव, पार्षदगण गजेंद्र साहू, गौतम सिन्हा आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी संघ के संगठन सचिव बने जायसवाल

**महासमुंद।** विप्र वाटिका बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा संगठन सचिव का चुनाव हुआ। इसमें ओपी जायसवाल व्यायाम शिक्षक ने अपने प्रतिद्वंदी सक्ती ज़िला के हरी राम पटेल को कांटे के मुकाबले में तीन मतों से पराजित किया। ओपी जायसवाल को 36 और हरिराम पटेल को 33 मत मिले। निर्वाचन अधिकारी डीके चौबे राजनांदगांव और सहायक निर्वाचन अधिकारी केपी कश्यप सीपत ने शांतिपूर्वक मतदान कराया। ओपी जायसवाल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में व्यायाम शिक्षक के पद में कार्यरत हैं।

### मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के साहित्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियां पर प्रहार करने वाले आधुनिक और हिंदी के पितामह उपन्यास सम्राट एवं कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या , मुकेश  कहा कि भारत देश महान उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि को याद करते हैं।

## पेज 9 के शेष

### भाटापारा जुड़ेगा ...

से जोड़ने की सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए इसके लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। भाटापारा को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग पूरी होने पर पूरे विधानसभा ही नहीं बलौदा बाजार, मुंगेली जिले के वासियों में खुशी है। अंचल की जनता ने इस महत्वपूर्ण मांग को केंद्रीय मंत्री तक रखने और उसे पूरा कराने के लिए विधायक इंद्र साव के प्रति आभार जताया है तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### रेत से भरी...

साधे  हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति में पर्यावरण को नुकसान तथा जान  माल की हानि की जिम्मेदारी कौन है? और आखिर किसके संरक्षण में यह कार्य हो  रहा है? ग्रामीणों ने बताया कि सागौन के जंगलों के बीच सड़क बनाकर रेत परिवहन किया जाता है तथा वन विभाग कार्रवाई करने के बजाय प्रति ट्रैक्टर  200 रुपए की वसूली करते था।

### गरबा डांडिया से...

चौहान, मीनाक्षी, रागिनी, वंदना, योगेश्वरी, लीला, चांदनी, जीतू मानिकपुरी, भगवती साहू, संजना साहू, तानी, खेमीन साहू, कुसुमलता साहू, कुसुम आदि एवं समिति के सदस्य नंदेश्वर साहू,  दादू राम साहू, गुरुचरण साहू, भेदराम साहू, चंद्रभूषण साहू, दबेलाल साहू, बिहारी लाल साहू, योगेश साहू, केशों साहू, रघुवीर साहू एवं समस्त समिति के सदस्य सम्मिलित थे।

### कलेक्टर से शिकायत, एसडीएम ने गठित की जांच समिति, सरपंच ने शिकायत को बताया बेबुनियाद

# पंचायत के जिम्मेदारों पर लगा गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम बगार निवासी निलेश शर्मा ने ग्रामीणों के साथ पंचायत में किए गए विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर बलौदाबाज़ार और सीईओ जिला पंचायत से उक्त अनियमितता जांच के लिए 30 जुलाई को कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत की है। शिकायतकर्ताओं ने अपने पत्र में लिखा है कि पंचायत बगार के सरपंच मोहर सिंह यादव, उपसरपंच हीरा राम पैकरा और सचिव मनीराम ध्रुव ने जनपद एवं जिलास्तर के अधिकारी से मिलीभगत कर केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना 15वें वित्त (जनपद स्तर) की राशि में गड़बड़ी की है।

शिकायतकर्ता ने उपमुख्यमंत्री से जांच के लिए जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर जिसमें डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी से जांच करावाने की मांग की है। शिकायतकर्ता निलेश शर्मा ने जिलाधीश और सीईओ को लिखे पत्र में पंचायत बगार में 15वें वित्त के 11 कार्यों पर सरपंच, उपसरपंच और सचिव द्वारा भ्रष्टाचार और कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत की, लेकिन शिकायत दिए दो माह बीतने के बाद भी अब तक किसी प्रकार की जांच नहीं करायी गई है, जिससे कलेक्टर से लेकर सीईओ जिला पंचायत के कार्यों पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। वहीं इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र अग्रवाल ने जांच समिति गठन की है।










### इन कार्यों में की गई गड़बड़ी

शिकायतकर्ता ने कहा कि ग्राम में पचरी निर्माण (पनखट्टी तालाब) भक्का स्वीकृत राशि 1.90 लाख है, लेकिन इस तालाब में मनरेगा के तहत पचरी निर्माण कार्य पिछले वर्ष ही हुआ है और सरपंच द्वारा पुनः उसी तालाब में पचरी निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग जनपद स्तर से स्वीकृति कराकर तालाब में पहले से निर्मित 8 पचरी का निर्माण कर उपअभियंता की मिलीभगत कर राशि का गबन किया है। इसके अलावा ठाकुरदेव तालाब गहरीकरण भरका स्वीकृत राशि 5 लाख है। इस तालाब में 3 वर्ष पूर्व मनरेगा के तहत गहरीकरण कार्य हुआ था। सरपंच द्वारा इस तालाब में ठेकेदार द्वारा मनरेगा में पहले से गहरीकरण हुए जगह को जेसीबी से 15 से 20 घंटे खुदाई कराकर राशि गबन की है। चबूतरा निर्माण कार्य के लिए 1.68 लाख रुपए स्वीकृत हुआ है, जिसे गुणवत्ताहीन बनाया गया है। वही इस कार्य में उपसरपंच एवं उनके परिवारों के नाम से फर्जी मास्टर रोल में हाजरी भरकर राशि निकाली गई है। इसके अलावा बोर खनन भरका के लिए 1.90 लाख के कार्यों में दो-दो सौ फीट खुदाई कराकर राशि का दुरूपयोग किया गया है। समतलीकरण कार्य (मेन रोड) बगार के लिए 1.68 लाख स्वीकृत हुआ। यह कार्य मनरेगा में 2 वर्ष पूर्व ही गौठान समतलीकरण हो चुका है, उसी कार्य को 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत करा कर मात्र 15-20 ट्रैक्टर मुरूम डुलाई कराकर जेसीबी से समतलीकरण किया है, यह कार्य फील्ड में हुआ ही नहीं है। बिना कार्य कराये ही सरपंच ने पूरी राशि का गबन की है। शिकायतकर्ता उक्त कार्यों की जांच की मांग की है।

### सूचना का अधिकार से मिली जानकारी

निलेश शर्मा ने सूचना का अधिकार 2005 के तहत ग्राम पंचायत बगार से जानकारी मांगी। सूचना के अधिकार से मिला जानकारी अनुसार श्री शर्मा ने पूरी मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ की है। सरपंच ने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए जा रहे आरोप को बेबुनियाद बताया है।

### जांच टीम गठित की गई

शिकायत के बाद जांच टीम का गठन किया गया है, जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की जायेगा।

-**भूपेंद्र अग्रवाल,** एसडीएम, कसडोल

### दुश्मनी से की गई शिकायत

दुश्मनी के कारण पंचायत की शिकायत की जा रही है। ग्राम में सभी कार्य नियम से किया गया है, कही भी भ्रष्टाचार नहीं किया गया है। जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

-**मोहर सिंह यादव,** सरपंच, ग्राम बगार

## अंचल में विराजी मां जगदंबा...



बलौदाबाजार। महामाया चौक बगबुडा



बलौदाबाजार। महादेव चौक बगबुडा



बलौदाबाजार। प्रेमनगर सकरी



बलौदाबाजार। बस स्टैण्ड सकरी



बलौदाबाजार। गोवर्धन चौक सकरी



बलौदाबाजार। कुंआ पारा सकरी



बलौदाबाजार। बजरंग चौक सकरी

## चंदा देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन...



**बलौदाबाजार।** नगर के चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल द्वारा नवनिर्मित परिसर में खोले गये 180 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं कार्डियक सेंटर का उद्घाटन सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अमर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगडे, नपाध्यक्ष चितावर जायसवाल के अलावा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### वायुसेना दिवस पर दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** फारेस्ट ग्राऊड में भारतीय वायुसेना दिवस पर अग्निवीर प्रशिक्षण के बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, नेवी सैनिक, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, पूर्व सैनिक केएल सोनी, कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि भारतीय वायुसेना दिवस भारत देश के एक महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन भारतीय वायुसेना पर केवल हमें हवाई हमलों से होने वाले खतरों से बचाने की रक्षा रखते है और समय पर वायुसेना दिवस के जवानों ने लोगों का किसी भी तरह के नुकसान से

# रेत खनन के प्रारंभ पर लगे रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विधानसभा क्षेत्र के रेत माफियाओं द्वारा लगातार चौन माउंटेन की मदद से रेत खनन का कार्य जोरों से करते आ रहे हैं। अभी 10 अक्टूबर से फिर से रेत खनन का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। वहीं चैन माउंटेन मशीन से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कसडोल विधायक संदीप साहू ने सोमवार को जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कसडोल विधानसभा  क्षेत्र में शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों एवं शासन के गाइड लाइन के अनुसार रेत खदानों का आवंटन किया गया है, किन्तु रेत ठेकादारों द्वारा नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए रात्रि में भी खनन कार्य बिना किसी डर भय के किया जा रहा है। साथ ही समय सीमा से अधिक एवं स्वीकृत सीमा से अधिक क्षेत्र में खनन किया जा रहा है। चूंकि शासन के नियमानुसार रेत खदानों पर खनन हेतु भारी मशीनरी चैन मशीन एवं बेकहोलोडर  का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है, किन्तु ठेकेदारों द्वारा मशीनरी का उपयोग बहुतायत में किया जा रहा है।

ठेकेदारों द्वारा बिना रायल्टी पीट पास के रेत का परिवहन कराया जा रहा है। विदित हो कि शासन के नियमानुसार खनन कार्य में स्थानीय निवासियों को रोजगार प्रदान किया जाना एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाना उल्लेखित है। किन्तु ठेकेदारों द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए एवं पर्यावरण संरक्षण के विरूद्ध रात्रि में मशीनरों का प्रयोग कर रेत उत्खनन किया जा रहा है, जिससे स्थानीयों को रोजगार हनन के साथ-साथ शासन को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।



### विधायक ने चैन माउंटेन मशीन से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए नियमित रूप से रायल्टी  पीट पास जांच कराकर क्षेत्रवासियों के हित को देखते हुए तत्काल रेत उत्खनन में चैन माउंटेन मशीनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष हीतेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य सुमित्र धृतलहरे, जनपद सदस्य योगेश बंजारे, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू उपस्थित थे।


MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

# पीएम आवास के कार्य  प्राथमिकता से साथ पूरा कराये अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधीश दीपक सोनी ने केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये।  विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। श्री सोनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ विभिन्न विभागों में चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उक्त बैठक में विभागावार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर हो चाहिए। साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन केंद्र, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश


Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्यये त्र्यम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते..!!


बलौदाबाजार । बाजार चौक


बस स्टैण्ड


पुराना तहसील चौक


आहिल्दा रोड


मनिमन तालाब के पास


चंदनी चौक

## खबर संक्षेप



### नगर में कवि सम्मेलन आज

**कसडोल।** एकता नव दुर्गा उत्सव समिति पारस नगर सेक्टर-2 कसडोल द्वारा 9 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। एकता नव दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि कवि सम्मेलन का आयोजन यहां प्रतिवर्ष किया जाता है। इसी कड़ी में बुधवार को भी रखा गया है, जिसमें हास्य कवि बंशीधर मिश्रा सोम प्रभा नूर कोटा से, वीर रस के कवि सुनील शर्मा नील थान खमहरिया से, शरद यादव अक्स सीपत से, तेजराम नायक रायगढ़ से, अमित दुबे झरसुगड़ा से सहित कविगण उपस्थित रहेंगे। समिति के सदस्यों ने अधिक संख्या में उपस्थित होने लोगों से अपील की ।

### पीएम आवास की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबधित किसी प्रकार के जानकारी एवं अन्य किसी भी प्रकार धोखाधड़ी से बचाने कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आमजनों को जिला पंचायत द्वारा हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। इसके माध्यम से हितग्राही के नाम, किश्त के संबंध में जानकारी, आवास निर्माण के संबंध में जानकारी, आवास के संबंध में किसी प्रकार की सहायता, झाव प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति अथवा अधिकारी-कर्मचारी द्वारा आवास योजना के नाम से अवैध राशि की मांग करने अथवा अन्य किसी समस्या शिकायत हो तो इस नंबर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कॉल कर समस्या-शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका शीघ्र निराकरण किया जावेगा।

### तिल्दा राज के निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज में 20 अक्टूबर को होने वाले केंद्रीय अध्यक्ष एवं 7 राजों में होने वाले चुनाव को निर्बाध, निर्विवाद एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने सभी राजों में प्रशिक्षण का दौर चल रहा है। इसी तारतम्य में राज निर्वाचन कार्यालय द्वारा तिल्दा राज के निर्वाचन अधिकारियों, क्षेत्रप्रधानों एवं ग्रामप्रमुखों का भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण 9 अक्टूबर बुधवार को मुख्य निर्वाचन कार्यालय तिल्दा कुर्मी बोर्डिंग नेवरा(तिल्दा)में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। उल्लेखनीय है कि तिल्दा राज में कुल 123 बूथ एवं कुल मतदाता 28276 हैं। राज निर्वाचन कार्यालय तिल्दा से जानकारी दी गई कि समस्त 95 ग्रामों से संबंधित क्षेत्रप्रधान, ग्रामप्रमुख, पीठासीन अधिकारी सहित 123 मतदान केंद्रों के निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### सड़क हादसे में एक की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जंघोरा के पास फल खरीदकर घर लौट रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। ग्राम ठाकुरदियाखुर्द निवासी बलराम जोशी ने पुलिस को बताया कि 7 अक्टूबर को उसका बड़ा भाई भोलाराम जोशी किसी का मोटर सायकल लेकर ग्राम जंघोरा फल खरीदने गया था। ग्राम जंघोरा से फल खरीदकर वापस घर आ रहा था तभी सुबह करीब 8:50 बजे खुटेरी मार्ग मोड के पास ग्राम जंघोरा के पास कोई अज्ञात वाहन का चालक ने अपनी वाहन को तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया, जिससे भोलाराम के सिर में चोटें आई, और

## पर्व : श्रृंगार से पहले गांव में निकाली गई कलश यात्रा

# पंचमीं पर प्रधान देवी, कुलदेवी और महामाया देवी का हुआ श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पंचमीं पर क्षेत्र के ग्राम तुरमा में गांव की प्रधान देवी, कुलदेवी और महामाया देवी के श्रृंगार में कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा कार्यक्रम में गांव में चार स्थानों पर विराजमान देवी माता जिनके चारों स्थान का नाम अलग-अलग है, जहां गांव में ही चार शक्ति पीठ के रूप में दर्शन होता है।

प्रथम डोंगरगढ़ चौक, दूसरा बंजारी चौक, तीसरा रतनपुर महामाया चौक और चौथा रामलीला चौक है। जानकारी के अनुसार यहां सबसे पुरानी दुर्गा समिति रतनपुर महामाया समिति है, जहां पर लगभग 1995-96 से गांव में दुर्गा माता की स्थापना की जा रही है। उसके बाद दो अन्य स्थानों की देवी मां की स्थापना सन 2005 से की जा रही है। कार्यक्रम की शोभा जस पचरा गीतों की प्रस्तुति से बढ़ रही है।

सेवा समिति के अध्यक्ष चिंताराम पाल, उपाध्यक्ष पंचराम पाल, संरक्षक फिरंताराम पाल, चुनगुराम पाल, ललित यादव, महेश निषाद एवं समस्त सदस्य धूमधाम से माता के जस पचरा को गाते हुए महामाया मां के मंदिर को गए, जहां गांव के बैगा ननकु निषाद, डोंगरगढ़ चौक के पंडा पुनीत यादव एवं समेलाल निषाद, बंजारी चौक के पंडा श्रीराम पाल एवं हेकराम पाल, रतनपुर महामाया चौक के पंडा भागीरथी ध्रुव एवं राधे निषाद एवं अन्य ग्रामवासियों के सहयोग से महामाया देवी का सिंगार कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## देवी मंदिरों में हुई मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना

**खरोरा।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों माता भक्ति की बयार चल रही है। शक्ति की भक्ति में लोग पूरी तरीके डूब गये हैं। नगर के सार्वजनिक दुर्गा पंडाल में माता दुर्गा का दर्शन के लिये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। नगर में लगभग 12 से अधिक या स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई है, जहां आकर्षक प्रतिमा के साथ–साथ, साज–सज्जा, लाइट, डेकोरेशन एवं तरह दुर्गोउत्सव की झांकियों के दर्शन करने लोग हजारों की तादाद में पहुंच रहे हैं। शारदीय नवरात्रि पर खरोरा के देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वहीं चौक–चौराहों में आकर्षक पंडालों में माता की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके साथ ही देवी मंदिरों व विभिन्न देवालयों में आस्था के ज्योति जगमगा रही हैं। नवरात्रि की पंचमी पर मां स्कंद माता की पूजा–अर्चना की गई। ज्योतिषाचार्यों की माने तो पंचमी पर सच्चे मन से की गई पूजा–प्रार्थना जरूर स्वीकार होती है, यही वजह है कि नगर के महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, करियादामा मंदिर, काली मंदिर मां, परमेश्वरी मंदिर त्रिपुरसुंदरी मंदिर, मां शारदा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही।



### मां परमेश्वरी मंदिर में 27 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

**पलारी।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 रानीसागर तालाब के पास देवांगन समाज द्वारा स्थापित मां परमेश्वरी मंदिर में इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा 27 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जिसमें पंचमी तिथि को सुबह मातारानी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा शाम को भव्य संगीतमय महा आरती की गई, जिसमें वार्डवासी सहित नगर के भक्तगण भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने अपना सहयोग प्रदान किए और माता का आशीर्वाद लिए।





## रामलीला में राजा हरिश्चन्द्र की मार्मिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर में 105वें रामलीला मंचन के पांचवें दिवस सतयुग की कथा पर आधारित सत्यवादी राजा हरिशचंद्र उर्फ गुलशन का नाग की मार्मिक कथा संगीतमयी नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी।

कथा की मार्मिकता और कलाकारों के करूणामयी कदाकारी ने दर्शकों के आंखों से आंशु छलका दिये। राजा हरिशचंद्र का सत्य पालन के खातिर परिवार और राज्य का त्याग वही रानी-राजा का पुत्र वियोग की लीला ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। हरिशचंद्र राजा के रोल में कोमल शर्मा, रानी आयुष तिवारी, रोहित शुभ केशरवानी, पं. काव्यांश, चांडाल लव शर्मा, इंद्र अभि, नारद शौर्य, वरिष्ठ मंगल, विष्वामित्र सागर एवं कलाकार नजर आए। जोहरा बाई के रूप में धरमपाल सोनी ने शानदार कलाकारी की। पांचवें दिन के कार्यक्रम में भगवान श्रीराम की आरती शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुख एवं शहर के सम्मानित डॉक्टर मौजूद रहे, जिनमें डॉ. पूजा समीर भृगु, डॉ. विकास आडील, डॉ. पूनम आडील, डॉ. श्रीकांत शुक्ला, नितेश मुंधड़ा, डॉ. सुप्रिया मुंधड़ा, तंजीव अरोरा, स्मृति अरोरा, प्रीति ताम्हणे, सदर बाजार व्यापारी संघ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। डॉ. पूजा भृगु ने कहा कि इस रामलीला का इंतजार हम हर साल 2 महीने पहले से ही किया करते हैं। डॉ. एसके पांडे अंबुजा विद्यापीठ ने कहा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार बहुत जरूरी है। संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी होती है। इस रामलीला ने बच्चों को न्यूज मेकर बना दिया। डॉ. विकास आडील ने प्रभु श्रीराम के चरित्रों को आत्मसात करने का प्रयास करने का संदेश दिया। तंजीव अरोरा ने कलाकारों की लगन मेहनत की प्रशंसा की।

■ लोगों के आंखों में आये आशु, आरती में शैक्षणिक संस्थान व डॉक्टरों हुए शामिल


बलौदाबाजार । कीर्तन भवन


नल्ली चौक


ठाकुर देव चौक


बजरंग चौक साप्ताहिक बाजार


कुंआ चौक बगबुडा

## कृषि विभाग ने किसानों को दवाई का नाम व छिड़काव की गिनाई विधि

# धान फसलों में कीट प्रकोप, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसा-नाला

धान की फसल को कीट प्रकोप से बचाने के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिक आशुतोष श्रीवास्तव उप संचालक कृषि सारंगढ़-बिलाईगढ़ व कृष्ण कुमार साहू वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा कीट बीमारी नियंत्रण के लिए कृषकों को संयुक्त रूप से सलाह एवं मार्गदर्शन जारी किया गया। तनाछेदक कीट की इल्ली तने की गांठ में छेद करके तने के अंदर घुसकर मुख्य तने को अंदर ही अंदर खाती है, इस कारण बाहर से सूखा पौधा या सूखी बाली रहित पौधा दिखाई देता है। इसके नियंत्रण के लिए कर्टाप हाइड्राक्लोराइड 4 जी 8 किग्रा की दर से खेत में भुरकाव करें या ट्राइजोफास 40 ईद्गसीद्ग 2.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या बुफरोफेजीन 10 ईद्गसीद्ग 1.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। पेनीकल माइट से पत्ती के आवरण के पीछे चाकलेटी भूरे धब्बे दिखाई देते हैं। बाली वाले स्थान पर फंगस लग जाता है, जिससे बालियां बदरंग हो जाती है। इसके नियंत्रण के लिए डाइकोफाल 18.5 ईद्गसीद्ग 2.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या इसपिरोमेफिसेन 22.9 एसद्गसीद्ग 2.0 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। शीथरॉट में गबोट के निचले हिस्से पर हल्के भूरे रंग के धब्बे बनते हैं जो कि एक रिंग से घिरा रहता है, इस कारण बाली का कुछ भाग ही बाहर आ पाता है, इसमें दाने नहीं भरते एवं बदरा बढ़ जाता है। इसके नियंत्रण के लिए कार्बेण्डाजिम 12 प्रतिशत मेंकोजेब 63 प्रतिशत 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। शीथ ब्लाइट में पौधे पर शीथ में पानी की सतह से आरंभ होकर उपर की ओर पौधा झुलसता है। रोग उग्र अवस्था में तने पर फैल जाता है, जिससे दाना भर नहीं पाता, इसके नियंत्रण के लिए हेक्साकोनाजोल 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या थायोक्लुजामाइड 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। रोग या बीमारी पूरी तरह से नियंत्रित नहीं होने पर कीटनाशक, फफूंदनाशक का छिड़काव या भुरकाव को 10 दिन के अंतराल से पुनः करें जिससे कीट बीमारी का पूर्ण नियंत्रण किया जा सके।



